IndiaBroadband

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER, M.P.TELECOM CIRCLE, BHOPAL

क्रं. डीपीमी /इ-एपीआर /2016-17/48 दिनांक 20.06.2019

सेवा में,

सभी बिज़नेस एरिया /एस एस इ /यूनिट प्रमुख म. प्र. दूरसंचार परमंडल
सभी जोनल महाप्रबंधक म. प्र. दूरसंचार परमंडल
सभी प्रधान महाप्रबंधक/वरिष्ठ महाप्रबंधक / महाप्रबंधक /अपर महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक/मंडल अभियंता/उपमंडल अभियंता म. प्र. दूरसंचार परमंडल

विषय :-सभी नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वर्ष 2018-19 अवधि की एवं पिछले वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) के कम्पलीशन सर्टिफिकेट के संबंध में ।

संदर्भ: इस कार्यालय के पात्र क्रं. डीपीमी /इ-एपीआर /2016-17/29 दिनांक 16.10.2017 के संदर्भ में ।

कृपया इस कार्यालय के दिनांक 16.10.2017 के पत्र का अवलोकन करें जिसमे नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वर्ष 2016-17 अवधि की एवं पिछले वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) भरने का कार्य पूर्ण करने एवं कम्पलीशन सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था ।

दिनांक 28.05.2019 को आयोजित सर्किल कौंसिल मीटिंग के दौरान स्टाफ की ओर से यह तथ्य प्रबंधन के ध्यान में लाया गया है कि कुछ नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वर्ष 2018-19 की अवधि की एवं पिछले वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भी रिपोर्टिंग /रिव्यूइंग अधिकारी द्वारा अभी तक नहीं भरी गई है ।

मुख्य महाप्रबंधक म. प्र. दूरसंचार परिमंडल ने इस प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है और सभी नॉन- एग्जीक्यूटिव की पिछले वर्ष एवं वर्ष 2018-19 की अवधि की गोपनीय रिपोर्ट तत्काल भरने एवं दिनांक 24.06.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ।

नॉन- एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के रिपोर्टिंग /रिव्यूइंग अधिकारी से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट निर्धारित अवधि में पूर्ण करें, निर्धारित अवधि में नॉन- एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट नहीं भरने पर संबंधित रिपोर्टिंग /रिव्यूइंग अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में उनके नियंत्रण /रिव्यूइंग अधिकारी के द्वारा इस आशय की उचित प्रविष्टि की जाएगी ।

अतः आपसे अनुरोध है कि नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वर्ष 2018-19 की अवधि की एवं पिछले वर्ष की लंबित सभी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट दिनांक 15.06.2019 तक पूर्ण करें तथा **"नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए कोई वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) लंबित नहीं है"** का उल्लेख करते हुए एक कम्पलीशन सर्टिफिकेट दिनांक 24.06.2019 तक इस कार्यालय को प्रेषित करें ।

पत्र सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

(व्ही के सिंह)
सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन)
म. प्र दूरसंचार परिमंडल भोपाल
Phone : 0755-2550659
FAX: 0755-2764044

प्रतिलिपि : परिमंडल सचिव बी एस एन एल ई यू / एन एफ़ टी ई को सूचनार्थ

Scanned by CamScanner